योजना | विकसित भारत – जी राम जी का शुभारंभ

# पंचायतों में बढ़ेगी पारदर्शिता और जवाबदेही : मंत्री पटेल



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शासन व्यवस्था को सरल और प्रभावी बनाने के लिए व्यापक सुधार किए गए हैं। अंग्रेजों के समय से चले आ रहे लगभग 1400 अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त कर व्यवस्था को सरल बनाया गया है। सरकार केवल नई योजनाएं नहीं बना रही, बल्कि प्रशासनिक प्रणाली को अधिक पारदर्शी और परिणाममुखी बनाने का कार्य कर रही है। पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। अब पंचायतों को केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं करना है, बल्कि उनके प्रभावी संचालन, पारदर्शिता और परिणाम सुनिश्चित करने की भी जिम्मेदारी निभानी होगी।यह बातें पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित भारत – जी राम जी का शुभारंभ गुरूवार करते हुए मानस भवन में कहीं ।

आगे उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक योजना की जानकारी देने के लिए नहीं, बल्कि पंचायतों के कार्यों का मूल्यांकन करने और भविष्य की कार्ययोजना तय करने का अवसर है। पंचायत प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके क्षेत्र का कोई भी पात्र श्रमिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे केवल नए निर्माण कार्यों तक सीमित न रहें, बल्कि पुराने संसाधनों के संरक्षण और सुधार पर भी ध्यान दें। प्रत्येक पंचायत को यह लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए कि सभी पात्र परिवारों को आवास, नाली, पेयजल, सामुदायिक भवन तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं शत-प्रतिशत उपलब्ध हों। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से आंध्रप्रदेश के तिरुपति में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आयोजित विकसित भारत – जी राम जी के लॉन्च कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया।

### पारदर्शिता आएगी, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा : वाल्मीकि

राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि ने कहा कि इस योजना के माध्यम से कार्यों में पारदर्शिता आएगी, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा तथा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से मिलेगा।

### योजना जमीनी अनुभवों के आधार पर तैयार : आशीष

सांसद आशीष दुबे ने कहा कि योजना जमीनी अनुभवों के आधार पर तैयार की गई है, जिसमें पूर्व की कमियों को दूर करते हुए श्रमिकों और ग्रामीणों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि योजना में किए गए सुधारों से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी, मजदूरों को अधिक अवसर मिलेंगे तथा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में ग्रामीण क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### सुरक्षा के लिए अनेक नए प्रावधान : विश्नोई

विधायक अजय विश्नोई ने योजना की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें मजदूरों के हितों की सुरक्षा के लिए अनेक नए प्रावधान जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि समय पर भुगतान, भुगतान में विलंब होने पर ब्याज, दुर्घटना की स्थिति में सहायता, महिला श्रमिकों के बच्चों की देखभाल तथा ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व नियोजित विकास कार्यों जैसी व्यवस्थाएं इस योजना को अधिक प्रभावी और जनहितैषी बनाती हैं।

### ये रहे मंचासीन

मानस भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी, संतोष वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत मंचासीन थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों को व्यापक लाभ मिलेगा

विधायक सुशील तिवारी इंदु ने कहा कि इसमें कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाने, मजदूरों की पहचान एवं उपस्थिति में पारदर्शिता लाने तथा विकास कार्यों को अधिक जवाबदेह बनाने जैसे महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को व्यापक लाभ मिलेगा। विधायक संतोष वरकड़े ने कहा कि गांवों के समग्र विकास, श्रमिकों के कल्याण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई यह योजना प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गोंटिया ने कहा कि योजना के अंतर्गत ग्राम सभाओं की भागीदारी से गांवों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों का चयन किया जाएगा।



# डॉक्टर्स की सेवा और समर्पण की भावना को नमन

▸ चिकित्सा सेवा मानवता की सर्वोच्च सेवा है

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के मेडिविजन आयाम द्वारा डॉक्टर्स डे के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भावी चिकित्सकों में सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल थे। मुख्य वक्ता एबीवीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साक्षी बोहरे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रुचि शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भारत माता, स्वामी विवेकानंद तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस मौके पर डॉ. अशोक खंडेलवाल ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार करने वाला नहीं, बल्कि समाज में आशा, विश्वास और जीवन का संचार करने वाला संवेदनशील व्यक्तित्व होता है। उन्होंने चिकित्सा सेवा को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए विद्यार्थियों से ज्ञान, अनुसंधान और सेवा भाव के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का आह्वान किया।

संगोष्ठी में उपस्थित रहीं साक्षी बोहरे ने कहा की भारतीय संस्कृति में चिकित्सकों को भगवान का स्वरूप माना गया है। उन्होंने मिशन साहसी की जानकारी देते हुए छात्राओं की आत्मरक्षा, महिला सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता पर बल दिया। डॉ. रुचि शर्मा ने चिकित्सकीय जीवन में अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और निरंतर अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सामाजिक दायित्वों से जोड़ने का प्रयास

कार्यक्रम में मेडिविजन के प्रांत संयोजक सम्राट नायक ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि मेडिविजन चिकित्सा विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, रक्तदान, चिकित्सा शिविर एवं विभिन्न सेवा कार्यों का नियमित आयोजन करता है। कार्यक्रम में मेडिकल महाविद्यालय के विद्यार्थियों, चिकित्सकों तथा एबीवीपी के महानगर मंत्री आर्यन पुंज, जिला संयोजक प्रफुल्ल तिवारी, नंदनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### शरद यादव की जयंती पर पौधरोपण कर दी श्रद्धांजलि



**नवभारत, जबलपुर।** नवभारत, जबलपुर। भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी नेता शरद यादव की जयंती पर जबलपुर के ललित उद्यान में शरद यादव विचार मंच एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय छात्र पूर्व छात्र संघ द्वारा वृक्षारोपण और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और पर्यावरण संरक्षण के लिए नीम, पीपल तथा आम के पौधे लगाए। वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, पिछड़ों के अधिकारों और मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू कराने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को याद करते हुए उन्हें 'मंडल मसीहा' बताया। इस अवसर पर सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने और हर वर्ष उनकी जयंती पर वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रामरतन यादव, घनश्याम यादव, बैजनाथ कुशवाहा, डॉ. प्रशांत मिश्रा, राधेश्याम अग्रवाल, एडवोकेट फूलचंद पालीवाल, जितेंद्र यादव, डॉ. मुस्ताक मंसूरी, सीताराम पटेल, एड. ओ.पी. यादव, एड. सुधीर शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




### लायंस क्लब ने डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को किया सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** लायंस क्लब जबलपुर सेंट्रल द्वारा 1 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर्स एवं सीए दिवस के उपलक्ष्य में डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान समारोह आरबी कैफे शहीद स्मारक में आयोजित किया गया। आयोजन का शुभारंभ शहीद स्मारक प्रांगण में वृक्षारोपण से प्रारंभ हुआ जिसमें विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए गए। सम्मान समारोह में डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. रुचिर खरे, डॉ. अरविंद झिंगरन, सीए ओम प्रकाश साहू, सीएफए यशराज अग्रवाल, सीए अनमोलिका अग्रवाल एवं सीए चांदनी आहूजा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन लायन के.के. गुमास्ता एवं आभार लायन राजेश डेंगरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन राजेश डेंगरा, कोषाध्यक्ष लायन राजीव शर्मा, जोन चेयरपर्सन लायन भरत सिंह लोधी, लायन एम.एम. नेमा, लायन मुकेश अग्रवाल, लायन के.के. गुमास्ता, लायन शरद सोनी, लायन गिरीश वर्मा, लायन मथुरा चौबे, लायन ज्ञान जायसवाल, लायन धीरेन्द्र सिंह, लायन नंदलाल डेंगरा सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

### अभा संयुक्त अधिवक्ता मंच की कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर, नवभारत।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच ने जबलपुर जिले के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। यह नियुक्ति प्रक्रिया मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता चन्द्र कुमार बलेजा की सहमति, राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता राजेश पंजवानी के अनुमोदन और राष्ट्रीय महामंत्री अधिवक्ता जय सचदेवा की अनुशंसा पर पूरी की गई है। जबलपुर जिला अध्यक्ष अधिवक्ता संदीप शुक्ला ने इन सभी नामों को अंतिम रूप दिया है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के रूप में अनुशंकर सोनकर, जितेन्द्र चिमनानी, सविता खत्री, कुक्कू दत्त, सोनू श्रीवास्तव, पुष्पल पांडे, अर्जुन मिश्रा और शुभांकर साहा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। देवांशीष यादव, अजय शुक्ला, मनमोहन चतुर्वेदी तथा रजनीश उपाध्याय को महामंत्री नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कई अन्य अधिवक्ताओं को विभिन्न पदों पर तैनात कर संगठन को मजबूती दी गई है।

**टीम संभालेगी प्रशासनिक कामकाज**–मनोज रघुवंशी, आशुतोष पांडे, मयंक जरगर, आनंद शुक्ला, पवन यादव, दीपक शर्मा और रोहित चढार को मंत्री बनाया गया है। पी. बालकृष्ण कोषाध्यक्ष तथा प्रियांश सिंह ठाकुर सह कोषाध्यक्ष बने हैं। संजय अग्रवाल सूचना मंत्री, दिनेश कोरी कार्यालय मंत्री और वंदना शुक्ला सह कार्यालय मंत्री के रूप में कार्य करेंगी। योगेश नेचलानी मीडिया प्रभारी तथा आशीष प्रजापति सोशल मीडिया प्रभारी होंगे। सर्वेश त्रिपाठी प्रवक्ता, महेन्द्र प्रताप सिंह सेंगर प्रचार मंत्री और सुनील गौतम सह प्रचार मंत्री बने हैं। आशुतोष नामदेव, चन्द्रका प्रसाद दिवेदी, विनय सोनी, जे.पी. शुक्ला, अमरदीप गुप्ता, संदीप महावर, सौरभ सोनी और लखन ठाकुर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

# ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल में इटली की शिक्षिका सिखाएंगी अंग्रेजी



**नवभारत, जबलपुर।** इटली की शिक्षिका जियाडा निकोला ने ब्रिटिश फोर्ट फाउंडेशन स्कूल में औपचारिक रूप से पढ़ाना शुरू कर दिया है, जिससे स्कूल ने अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। स्कूल के चेयरमैन और अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद डॉ. अनुराग सोनी ने गुलदस्ता भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इटली से इंजीनियरिंग, बिजनेस सर्टिफिकेशन और भाषाओं की पढ़ाई कर चुकी जियाडा निकोला ने इंग्लैंड और आयरलैंड से इंग्लिश भाषा का विशेष प्रशिक्षण भी लिया है, और अब वे स्कूल के विद्यार्थियों को रोबोटिक्स तथा इंग्लिश भाषा सिखाएंगी।

ग्लोबल मंच के लिए तैयार होंगे स्कूल के छात्र जियाडा निकोला ने अपने संबोधन में कहा कि उनका उद्देश्य छात्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर की इंग्लिश बोलने की क्षमता विकसित करना, सही उच्चारण सिखाना और उन्हें वैश्विक मंच के लिए आत्मविश्वासी बनाना है ताकि वे हर जगह प्रभावशाली संवाद कर सकें। इस मौके पर डॉ. अनुराग सोनी ने कहा कि स्कूल हमेशा से वैश्विक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है, पिछले सालों में यहाँ 100 से अधिक विदेशी शिक्षक छात्रों को शिक्षित कर चुके हैं और जियाडा निकोला का आना इसी कड़ी का हिस्सा है। स्कूल परिवार को विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन से छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा, आधुनिक तकनीकी ज्ञान और बेहतरीन इंग्लिश बोलने की कला सीखने को मिलेगी, जिससे वे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए सक्षम बनेंगे।

### वेदांत कक्षाओं में तत्वबोध का अध्ययन जारी

**नवभारत, जबलपुर।** चिन्मय विद्या पीठ एवं श्रीराम मंदिर मदन महल द्वारा आयोजित वेदांत कक्षाओं में आदि शंकराचार्य रचित ग्रंथ 'तत्त्वबोध' का अध्ययन कराया जा रहा है। इसमें बताया गया कि वेदांत विद्या के लिए साधक को विवेक, वैराग्य, षट्संपत्ति और मुमुक्षत्व को बढ़ाना चाहिए। इस दौरान आचार्य हितेश चैतन्य ने समझाया कि आध्यात्मिक उन्नति के लिए खुद पर काम करना जरूरी है। साधक को दूसरों के लिए मुश्किलें खड़ी करने के बजाय स्वभाव में लचीलापन लाना चाहिए, क्योंकि स्वीकारोक्ति का भाव बढ़ने से व्यवहार बेहतर होता है। संयोजकों ने बताया कि 'तत्त्वबोध' के बाद गोस्वामी तुलसीदास रचित श्री रामचरितमानस के 'बालकाण्ड' की कक्षाएं शुरू होंगी। अगली कक्षाएं शनिवार और रविवार, 4 और 5 जुलाई को शाम 4 से 5 :30 बजे तक लगेंगी।

# सजेगी सुरों की यादगार महफ़िल 'सुर संगनी–रहे न रहे हम'

**नवभारत, जबलपुर।** संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार संगीतमय संध्या 'सुर संगनी – रहे न रहे हम : एक शाम सुरसंगनी के नाम' का आयोजन 4 जुलाई को शाम 6:30 बजे शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, गोलबाजार में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित एवं लोकप्रिय गायक-गायिकाएँ अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाव-विभोर करेंगे, जिसका उद्देश्य संगीत प्रेमियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहाँ पुराने और सदाबहार गीतों के साथ नई प्रस्तुतियों का भी आनंद लिया जा सके क्योंकि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि तनावमुक्त और सकारात्मक जीवन का भी आधार है। कार्यक्रम की उद्घोषिका शबनम मसीह होंगी, जबकि संगीत संयोजन आनंद यादव एवं सार्थक यादव द्वारा किया जाएगा और संयोजन का दायित्व शीतल दुबे निभा रहे हैं। इस संगीतमय शाम में शर्मिला मुखर्जी, डॉ. जामिनी श्रीवास्तव, नीतू शर्मा, शुभ मुखर्जी, राकेश चौरसिया, सुधीर श्रीवास्तव, मीनल चौबे, कविता श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव, नागरा दुबे, विनीत यादव, डॉ. ललित श्रीवास्तव, पंकज दुबे, संदीप सिंह, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, सुशांत पिल्ले एवं याशिर श्रीवास्तव सहित अनेक कलाकार अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। आयोजकों ने शहर के सभी संगीत प्रेमियों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं परिवारों से इस संगीतमय आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



### सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति है जयश्री बैनर्जी : भौमिक

**नवभारत, जबलपुर।** विजन जबलपुर द्वारा पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी का 93वां जन्मदिन रोटरी क्लब हॉल में दीप्रज्वलन के साथ शुरू हुआ।इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश अध्यक्ष तपन भौमिक ने कहा कि माताजी का परिवार देश एवं समाज के प्रति समर्पित रहा, उनका असीम स्नेह-प्रेम सभी कार्यकर्ताओं के प्रति रहा और उन्होंने सहज भाव से समाज की सेवा की है; वे सेवा एवं समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र सिंह और आभार दीपांकर बैनर्जी ने किया तथा वंदे मातरम गीत के साथ इसका समापन हुआ। इस अवसर पर तपन भौमिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, रोटरी क्लब अध्यक्ष प्रवीण रिक्षारिया, रूपेश राय, अंजनी सिंह, कैलाश गुप्ता, आशीष बनर्जी, आनंद बर्नाड, दीपक मुंजे, डॉ. अंशुमान शुक्ला, माइकल कपूर, शरद अग्रवाल, पार्षद श्याम कनौजिया, रेणु कोरी, दीपमाला सोनकर, सीमा सिंह जुग्गी, नंदकुमार यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शासकीय होम साइंस कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं का दीक्षारंभ




**नवभारत, जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय होम साइंस कॉलेज में नए सत्र की छात्राओं के लिए गुरुकुल परंपरा के साथ दीक्षारंभ कार्यक्रम शुरू हुआ। इसका उद्देश्य छात्राओं को कॉलेज की पढ़ाई, रिसर्च, सांस्कृतिक और व्यक्तित्व विकास गतिविधियों से परिचित कराना था। प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल ने इसे ज्ञान, अनुशासन, संस्कार और आत्मनिर्भरता की यात्रा बताते हुए कॉलेज की 72 वर्षों की गौरवशाली परंपरा, नैक 'ए' ग्रेड और डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी बनने के प्रयासों की जानकारी दी। प्रवेश समिति प्रभारी डॉ. के. एस. भाटिया ने छात्राओं का स्वागत कर नियमित अध्ययन, नवाचार और गतिविधियों में हिस्सा लेने की बात कही। इसके बाद प्रभारियों और प्राध्यापकों ने एनसीसी, एनएसएस, खेलकूद, हॉस्टल, लाइब्रेरी, अनुशासन, एंटी रैगिंग, परीक्षा प्रकोष्ठ, आईक्यूएसी, लैब और करियर के अवसरों के बारे में बताया।

### छात्राओं को मिला साइबर सुरक्षा का संदेश

दूसरे सत्र में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें टीआई धीरज राज, एसआई आकांक्षा सिंह और एएसआई शिव कुमार विश्वकर्मा ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, सोशल मीडिया सुरक्षा, डिजिटल पेमेंट, साइबर अपराधों से बचाव और शिकायत प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुर्गा मिश्रा और तकनीकी सहयोग डॉ. अर्जुन शुक्ला ने किया। यह कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों को जगाने का संदेश देकर पूरा हुआ। इस मौके पर डॉ. अनीता कौशल, डॉ. सुदीक्षा सान्याल, डॉ. मंजू गुप्ता, डॉ. पूजा अहिरवार, डॉ. मनीष आर्य, गुणवंत सिंह, डॉ. राजकुमार, डॉ. सुधीर चंदेल, मीडिया समिति की डॉ. श्रद्धा खापरे व डॉ. रोहिणी शर्मा सहित शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं।

निरीक्षण | कठौंदा पहुंच निगमायुक्त ने लिया जायजा, दो माह में आधुनिक नर्सरी विकसित करने निर्देश

# नागरिक खरीद सकेंगे कम दामों पर हरे-भरे पौधे



**नवभारत,जबलपुर।** अब नागरिकों को अपने घरों, बगीचों और सोसायटियों को हरा-भरा बनाने के लिए महंगे दामों पर पौधे नहीं खरीदने होंगे, बल्कि नगर निगम की इस नर्सरी से बेहद किफायती और सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। नगर निगम की अपनी नर्सरी से जहाँ एक ओर शहर में हरियाली बढ़ेगी, निगम को बाहर से पौधे नहीं खरीदना पड़ेगा, वहीं नागरिकों को बहुत शीघ्र ही कम दामों पर अच्छे पौधे मिल सकेंगे। यह बातें निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने नगर निगम को आत्मनिर्भर और शहर को और अधिक हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से कठौंदा स्थित नगर निगम की नर्सरी और वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का औचक निरीक्षण करते हुए कहीं । इस दौरान उन्होंने वहाँ चल रहे कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा कठौंदा में स्वयं की एक भव्य और आधुनिक नर्सरी विकसित की जा रही है, जिसे दो माह में पूर्ण करने के निर्देश निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त अहिरवार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नर्सरी में फलदार, छायादार, औषधीय और आकर्षक इनडोर-आउटडोर पौधों की अधिकतम किस्में तैयार की जाएं। नर्सरी के विकास कार्य और नागरिकों के लिए पौधों की उपलब्धता की प्रक्रिया को जल्द से जल्द सुचारू किया जाए।

### कचरे से बिजली बनाने की प्रक्रिया और प्लांट की कार्यप्रणाली को देखा

निगमायुक्त ने नर्सरी के साथ-साथ कठौंदा स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कचरे से बिजली बनाने की प्रक्रिया और प्लांट की कार्यप्रणाली को देखा। उन्होंने कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया ताकि पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। इस अवसर पर अपर आयुक्त सौरभ मिश्रा, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन, उद्यान अधिकारी मनीष तड़से आदि उपस्थित रहे।



# डॉ . अल्केश चतुर्वेदी बने उच्च शिक्षा विभाग के नए अतिरिक्त संचालक

**नवभारत, जबलपुर।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अल्केश चतुर्वेदी ने अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग का नया कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने सेवानिवृत्त हो चुके अतिरिक्त संचालक डॉ. पी. आर. चंदेलकर के स्थान पर यह जिम्मेदारी संभाली। डॉ. अल्केश चतुर्वेदी के पदभार ग्रहण करने के इस विशेष अवसर पर प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ मध्यप्रदेश के संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ला, प्रो. ए. सी. तिवारी, प्रो. मृत्युंजय सिंह, प्रो. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. बघेल, डॉ. रविश ताज़िर, डॉ. राजीव शुक्ला, डॉ. अनिल यादव, डॉ. जागेश्वर प्रजापति एवं डॉ. धीरेंद्र त्रिपाठी सहित कई प्राध्यापकों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।